President's Fleet Review 2022 Visakhapatnam

President's Fleet Review (PFR) is a ceremonial occasion traditionally held by the Indian Navy to showcase its prowess. The review is a grand and formal occasion when all operational naval vessels and aircrafts are spruced up in a spirit of loyalty and allegiance to the Nation and the Supreme Commander. The President's Fleet Review is a symbolic display of a nation's maritime capabilities and adroitness. It is meant to convey to the Commander-in-Chief and to the Nation that the Country's maritime forces are fighting fit and ready to meet any challenge. Post-Independence, traditionally, the President, as the Supreme Commander of the Indian Armed Forces reviews the Fleet once during his tenure. After a 21-gun salute, the President embarks on the Presidential Yacht, distinguished by the Ashoka Emblem on his side and reviews all the ships by cruising past them.

On the grand occasion of PFR 2022, the world would witness the proud display of the readiness of the Indian Navy for any battle at sea. The event would showcase the three dimensional display of operational surface warships, subsurface submarine and airborne assets in its company with the ethos of steadfastness and devotion to the country.

The theme for this PFR is "India Navy - 75 Years in Service to the Nation". Indian Navy has expanded her horizontal and vertical dimensions exponentially over the period of 75 years to ensure safety and security of international coastal borders with utmost dedication. The expansion of Indian Navy's Blue water operation capabilities has engraved unfathomable impact in international waters.

Department of Posts is delighted to issue a Commemorative Postage Stamp on President's Fleet Review 2022 and appreciates the contribution of Indian Navy in protecting the country in the wake of complex maritime environment of the 21st century.

Credits:

Stamps/ FDC/ Brochure	:	Shri Brahm Prakash
Cancellation Cachet	:	Smt. Nenu Gupta
Text	:	Referenced from contents provided by the proponent

राष्ट्रपति बेड़ा समीक्षा 2022 विशाखापट्नम

राष्ट्रपति बेड़ा समीक्षा ऐसे समारोह का अवसर है, जिसका आयोजन भारतीय नौसेना द्वारा पारम्परिक रूप से अपनी शक्ति के प्रदर्शन के लिए किया जाता है। यह एक भव्य एवं औपचारिक कार्यक्रम है, जिसमें सभी प्रचालनरत नौसेना पोतों एवं वायुयानों को देश एवं इसके सर्वोच्च कमांडर के प्रति प्रतिबद्धता तथा निष्ठा के प्रदर्शन हेतु सुसज्जित किया जाता है। राष्ट्रपति बेड़ा समीक्षा, राष्ट्र की सामुद्रिक क्षमता एवं कुशलता का प्रतीक है। इस समीक्षा के आयोजन का उद्देश्य कमांडर इन–चीफ एवं राष्ट्र को यह विश्वास दिलाना है कि देश का नौसैनिक बल सामरिक दृष्टिकोण से मुस्तैद है और किसी भी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए सदैव तैयार है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से, भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर के रूप में राष्ट्रपति, पारंपरिक तौर पर अपने सेवाकाल के दौरान एक बार नौसेना बेड़े की समीक्षा अवश्य करते हैं। 21 तोपों की सलामी के बाद राष्ट्रपति, राष्ट्रीय प्रतीक अशोक चिह्न से सुशोभित राष्ट्रपति नौका (प्रेसिडेंशियल यॉट) पर सवार होकर इन पोतों के सामने से गुजरते हुए उनकी समीक्षा करते हैं।

राष्ट्रपति बेड़ा समीक्षा 2022 के इस भव्य आयोजन के दौरान, संपूर्ण विश्व देख सकेगा कि भारतीय नौसेना, समुद्र में किसी भी सामरिक चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। इस कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के दृढ़ संकल्प और देश के प्रति समर्पण की मूल भावना के साथ समुद्री युद्धपोतों, पनडुब्बियों और वायुयानों का 3–डी प्रदर्शन किया जाएगा।

राष्ट्रपति बेड़ा समीक्षा के आयोजन का विषय "भारतीय नौसेना–राष्ट्र की सेवा में 75 वर्ष" है। भारतीय नौसेना ने पूरी निष्ठा एवं तत्परता से अंतरराष्ट्रीय तटीय सीमाओं की हिफाजत एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन 75 वर्षों के दौरान अपना चहुंमुखी विकास किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय नौसेना की सामरिक क्षमताओं में अप्रत्याशित वृद्धि ने भारत की एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

डाक विभाग, 21वीं सदी के जटिलताओं भरे सामुद्रिक परिवेश को ध्यान में रखते हुए देश की सुरक्षा में भारतीय नौसेना के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति बेड़ा समीक्षा 2022 विषय पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए गौरव का अनुभव करता है।

आभार:

डाक टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका : श्री ब्रह्म प्रकाश

विरूपण कैशे : श्रीमती नीनू गुप्ता

पाठ : प्रस्तावक द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री से संदर्भित

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	500 पैसे
Denomination	:	500 p
मुद्रित डाक–टिकटें	:	302250
Stamps Printed	:	302250
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

मूल्य ₹ 5.00